अमर उजाला 15-09-2023

हिंदी दिवस पर स्कूलों में कार्यक्रम

पोस्टरों से बताई राष्ट्रभाषा की उपयोगिता

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में हिंदी दिवस पर हिंदी विभाग एवं राष्ट्रभाषा विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि हिंदी भाषा के साथ हमारी संस्कृति जुड़ी हुई है। हिंदी विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि हिंदी साहित्य का समाज में काफी महत्व है। डॉ विनोद अग्रवाल (समाजसेवी) ने अपने विचार सांझा किए। संवाद